आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 18.08.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में कल से शुरू होगा मानसून सत्र। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सत्र के दौरान जनसरोकार के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग उपकरणों का वितरण किया। लोगों को निःशुल्क जांच सुविधा मिलेगी।
- हरिद्वार में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 5 हजार 895 राशन कार्ड निरस्त किए।
- अल्मोड़ा में खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ।

## विधानसभा सत्र

चमोली जिले के गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने विधानसभा परिसर में सभी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास है कि सत्र सुचारू रूप से चले। उन्होंने कहा कि इस बार सदन पूरी तरह से डिजिटल हो गया है।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सत्र में अनुपूरक बजट सहित कई विधेयक सदन के पटल पर रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान जनसरोकार के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित आरोग्य मंदिरों में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग– पी.ओ.सी.टी. उपकरणों का वितरण किया। इन उपकरणों की मदद से लोगों को निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाना है, जिससे ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में भी तुरंत जांच और उपचार संभव हो सके। उन्होंने कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुँच दोनों में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय

नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र और न्यायाधीश आलोक मेहरा की खंडपीठ में आज सुनवाई हुई। न्यायालय ने नैनीताल की जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इस मामले में हुई सभी कार्रवाई का विवरण एक शपथपत्र के रूप में न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से 24 घंटे के भीतर मामले से जुड़े सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को भी कहा है। जिन पांच जिला पंचायत सदस्यों के कथित अपहरण का आरोप लगा है, न्यायालय ने उनकी बात सुनने से साफ इनकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि वे पहले ही न्यायालय को गुमराह कर चुके हैं, इसलिए उनकी व्यक्तिगत दलीलें नहीं सुनी जाएंगी। उच्च न्यायालय ने अभी दोबारा चुनाव कराने की याचिका पर सुनवाई करने से भी इनकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि फिलहाल केवल चुनाव के दिन हुई घटनाओं से जुड़े मामलों पर ही सुनवाई की जा रही है। इस मामले की अगली सुनवाई कल होगी।

## फर्जी राशन कार्ड

हरिद्वार में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने राशन कार्डों की जांच में हजारों की संख्या में फर्जी राशन कार्ड पाए हैं। विभाग द्वारा जांच अभियान के तहत फर्जी राशन कार्डों को निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। गत तीन महीनों में 5 हजार 895 राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। कई अवसर व सूचना के बाद भी इन राशन कार्ड धारकों ने आधार कार्ड विभाग को जमा नहीं कराए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह के अनुसार निरस्त किए गए राशन कार्ड, आधार कार्ड से लिंक नहीं है। कई राशन कार्डों में दर्ज यूनिट के आधार कार्ड भी विभाग को जमा नहीं किए गए है। कई राशन कार्ड धारक गरीबी रेखा से ऊपर है। लेकिन उन्होंने गरीबी रेखा से नीचे के कार्ड बनवा रखे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक हुई जांच में ऐसे सभी राशन कार्डों को निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा करीब 20 हजार राशन कार्डों की जांच चल रही है।

## महिला ताईक्वांडो प्रतियोगिता

अल्मोड़ा में खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता आज से शुरू हो गई है। यह प्रतियोगिता 6 से 12 वर्ष, 12 से 14 वर्ष, 14 से 17 वर्ष और ओपन महिला वर्ग के बीच चार वर्गों में खेली जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में महिला सशक्तीकरण की दिशा में इस तरह की प्रतियोगिता महत्वपूर्ण साबित होगी। ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कमल कुमार बिष्ट ने बताया कि अल्मोड़ा में खेलो इंडिया के तहत अस्मिता ताइक्वांडो लीग के तहत पहली बार राज्य स्तरीय महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही हैं।

## सीआरपी प्रशिक्षण

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चम्पावत जिले में पांच दिवसीय कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। दीन दयाल अंत्योदय योजना के तहत विकासभवन सभागार में जिले के चारों विकासखण्डों की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और समन्वयक भाग ले रहे हैं। संस्थान की प्रशिक्षिक रुपाली ने बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं को आजीविका संवर्धन के कार्य, कृषि और कौशल विकास के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षित करना है।

## कार्यशाला

ऊधमसिंह नगर जिले के मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में रुद्रपुर में पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक– पीसीपीएनडीटी अधिनियम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले में पंजीकृत 145 अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और सीटी स्कैन संचालको ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम का मुख्य उद्देश्य प्रसव पूर्व निदान तकनीको का उपयोग करके लिंग चयन को रोकना और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है।